हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

10 वन को गए प्रभु श्रीराम, सीताजी व लक्ष्मण



11 सड़कों पर गड्ढों का जाल, हादसों का खतरा बढ़ा



खबर संक्षेप

एचएल सिटी में राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आज से



बहादुरगढ़। एचएल सिटी सेक्टर-37 स्थित चैंपियंस एक्वेटिक्स अकादमी में 43वीं सब-जूनियर और 53वीं जूनियर हरियाणा राज्य तैराकी चैंपियनशिप का आगाज 17 अक्टूबर से होगा। यह प्रतियोगिता 19 अक्टूबर तक जारी रहेगी। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 1000 से अधिक तैराक विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लेंगे। हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक, बटरफ्लाई और इंडिविजुअल मेडले सहित विभिन्न स्पर्धाएं होंगी। इसके अलावा कुछ आयु वर्गों में रिले मुकाबले भी होंगे।

दो बच्चों का रेस्क्यू कर भिक्षावृत्ति से कराया मुक्त

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशनुसार गुमशुदा बच्चे, भिक्षावृत्ति व बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत शुक्रवार को माता भीमेश्वरी देवी मेले में भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो बच्चों को भिक्षा मांगते हुए रेस्क्यू किया गया। उन्हें बाल कल्याण समिति झज्जर के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति ने दोनों बच्चों की काउंसलिंग कराकर बच्चों को उनके परिवार वालों को सौंप दिया।

वोटर्स के दावे व आपत्तियों का निपटारा 28 तक

झज्जर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। एसआईआर के कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 28 अक्टूबर तक होगा तथा अंतिम मतदाता सूची छह नवंबर को प्रकाशित की जाएगी।

बिना जानकारी खाते से निकले 10 लाख रुपये

बहादुरगढ़। गांव गिरावड़ के निवासी एक व्यक्ति के खाते से रहस्यमयी परिस्थितियों में 10 लाख रुपये निकल गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। वारदात जगबीर के साथ हुई है। जगबीर का कहना है कि कुछ महीने पहले उनके साथ यह वारदात हुई। दो दिन लगातार 5-5 लाख की ट्रांजेक्शन हुई। कुल 10 लाख रुपये निकाल लिए गए। बैंक में जाकर डिटेल ली तो पता चला कि रिद्धि कोल नाम के खाते में यह रकम गई है, जबकि वह इस नाम के किसी शख्स या फर्म का नहीं जानते।

विधायक कुलदीप वत्स के नेतृत्व में डीसी को सौंपा ज्ञापन

मसानी बैराज से गंदा पानी ड्रेन नंबर 8 में डालने के खिलाफ उतरे ग्रामीण

- रेवाड़ी के केमिकल युक्त पानी को नौरंगपुर गांव के पास नाले में खुले रूप से छोड़ने की योजना है : वत्स
- पाइपलाइन बिछाने के कार्य को रुकवाने की मांग की, बीमारियां होने की आशंका



झज्जर। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक कुलदीप वत्स व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मसानी बैराज के पानी को पाइपलाइन के माध्यम से जिले की ड्रेन नंबर-आठ में डालने की योजना को लेकर बादली क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स के साथ ग्रामीण लघु सचिवालय पहुंचे और डीसी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पाइपलाइन बिछाने के कार्य को तुरंत रुकवाने की मांग की। उन्होंने आशंका जताई कि गंदा और केमिकल युक्त पानी क्षेत्र में आने से लोगों के स्वास्थ्य, फसलों और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि मसानी बैराज के जहरीले पानी को पाइपलाइन के जरिए झज्जर की ड्रेन नंबर-आठ में छोड़ने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नौरंगपुर गांव के पास इस पानी को नाले में खुले रूप से छोड़ने की योजना है। जिससे क्षेत्र की फसलों और आने वाली पीढ़ियों पर गंभीर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि रेवाड़ी क्षेत्र के नेता इस पानी को शुद्ध मानते हैं, तो इसे अपने जिले में ही इस्तेमाल करवाएं। झज्जर के लोगों के साथ अन्याय क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि दूषित पानी से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है और खेती भी प्रभावित हो सकती है।

ड्रेन में केमिकल युक्त और गंदा पानी छोड़ा तो होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

झज्जर। जिले से गुजरने वाली ड्रेन संख्या आठ सहित अन्य ड्रेन और रजवाहों में किसी प्रकार का केमिकल युक्त और सीवरेज का पानी न छोड़ा जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारी मॉनिटरिंग करें और लापरवाही मिलने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। डीसी वर्षा खांगवाल ने यह निर्देश शुक्रवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई सेप्टिक टैंकर के माध्यम से भी गंदा पानी नालों और ड्रेन में छोड़ते पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पूरे जिले की पंचायत बुलाने की दी चेतावनी

विधायक कुलदीप वत्स ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पाइपलाइन का काम बंद नहीं करवाया तो पूरे जिले की पंचायत बुलाई जाएगी। जिसके बाद जहां पाइपलाइन का काम चल रहा है, वहीं ग्रामीण धरना देकर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले के नागरिकों के हितों के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदूषण के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बढ़ाई निगरानी

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। जिले में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों को संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने और प्रदूषण प्रभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने औद्योगिक इकाइयों, डीजल जनरेटर, वाहनों के धुएं, सड़क की धूल, खुले में कचरा जलाने, अवैध डंपिंग और निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। सड़कों की नियमित सफाई, मैकेनिकल एवं वैक्यूम स्वीपिंग और आवश्यकता अनुसार पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा। अवैध रेडी मिक्स कंक्रीट और हॉट मिक्स प्लांट इकाइयों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए गांवों में निगरानी बढ़ाने और किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बहादुरगढ़ क्षेत्र के परनाला, बामनोली, लडरावन, कसार, मुकंदपुर, खैरपुर, कानोंदा और गुमाना गांवों सहित अन्य चिन्हित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने आमजन से खुले में कचरा और फसल अवशेष नहीं जलाने तथा प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की सूचना संबंधित विभागों को देने की अपील की।

प्लास्टिक स्क्रैप और दो कैंटर बरामद

मांडोठी में पीवीसी स्क्रैप जलाने पर चार के खिलाफ एफआईआर



बहादुरगढ़। मांडोठी के खेतों में मौजूद कबाड़ के ढेर में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिले में अवैध प्लास्टिक स्क्रैप भंडारण और जलाने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद प्लास्टिक कचरा जलाने पर अंकुश नहीं लग पा रहा। गुरुवार रात को गांव मांडोठी में प्लास्टिक स्क्रैप को आग के हवाले कर दिया गया। हालांकि मामले की भनक पड़ने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर 4 आरोपियों को काबू कर लिया और 2 कैंटरों सहित काफी स्क्रैप को जब्त किया गया है। इस संबंध में तीनों आरोपियों के खिलाफ मांडोठी पुलिस की ओर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

दरअसल, मांडोठी में दिल्ली-रोहतक रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर लगते खेतों में अवैध रूप से प्लास्टिक स्क्रैप का गोदाम बनाया गया है। आरोप है कि इसमें प्लास्टिक, रबड़ आदि इंडस्ट्रियल वेस्ट इकट्ठा करकर आग के हवाले किया जता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुनील श्योराण के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि प्लास्टिक कचरे में आग लगी हुई है। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। आग बुझाई गई और फिर मांडोठी चौकी पुलिस के साथ मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान 4 लोगों को मौके से काबू किया गया और 2 कैंटर बरामद किए।

आरोपियों की पहचान रोहतक निवासी भूपेश तथा उत्तर प्रदेश के अंकित, नन्हे सिंह और वसीम के रूप में हुई। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में लोहे की चद्दर, लोहे के ड्रम, प्लास्टिक-रबड़ स्क्रैप, अवशेष आदि बरामद किए हैं। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में बड़ी संख्या में अवैध पीवीसी गोदाम बने हुए हैं। अक्सर इनमें आग लग जाती है। जिससे वातावरण में प्रदूषण फैलता है। इन गोदामों में आग के कारण जनहानि भी हो चुकी है। वहीं, क्षेत्रीय अधिकारी सुनील श्योराण का कहना है कि प्लास्टकि भंडारण व जलाने पर रोक है। लगातार इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

नई अनाज मंडी के लिए जमीन की फिजिकल पॉजिशन ली



- बालोर में 54 एकड़ में बननी है नई मंडी

कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद राम अहलावत व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव बालोर में प्रस्तावित नई अनाज मंडी की जमीन से शुक्रवार को प्रशासन ने कब्जा हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद अब नई अनाज मंडी के विकास व निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद जगी है। नई मंडी बनती है तो किसानों, आढ़तियों को सहूलियत होगी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार की अगुवाई में यह कार्रवाई चली। इस दौरान एसडीओ विकास गुप्ता, मार्केट कमेटी की सचिव अंजू, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत, मंडी सुपरवाइजर अनिल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सचिव अंजू दलाल ने बताया कि कुल 54 एकड़, 7 कनाल, 7 मरला जमीन है। वर्ष 2016 में अधिगृहीत की गई थी। शुक्रवार को फिजिकल पॉजिशन ले ली गई है। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अब इसकी चारदीवारी की जाएगी और विकास कार्य के लिए सरकार व ऊपरी अधिकारियों को पत्र भेजे जाएंगे।

वहीं, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया और कहा कि नई अनाज मंडी किसानों की लंबे समय से चली आ रही जरूरत है। इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे थे। फिलहाल बहादुरगढ़ की मौजूदा अनाज मंडी शहर के बीचों-बीच है। फसल सीजन के दौरान यहां भारी भीड़ रहती है। किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों के साथ मंडी तक पहुंचने तथा वापस लौटने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नई अनाज मंडी विकसित होने से किसानों को फसल की बिक्री के लिए बेहतर स्थान और सुविधाएं मिलेंगी।



इस्सरहेड़ी : 7 एकड़ की 3 अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से शुक्रवार को गांव इस्सरहेड़ी में तोड़फोड़ कार्रवाई की गई। गांव की 3 अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाकर डीपीसी व निर्माण आदि ढहाए गए। पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई हुई। कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। पुलिस बल के साथ डीटीपी टीम द्वारा करीब 7 एड़क में काटी जा रही 3 अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा चलाया गया। एक स्ट्रक्चर, 5 बाउंड्री वॉल, 28 डीपीसी को ढहाया गया। साथ ही रोड नेटवर्क भी ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्रवाई में किसी तरह का खलल उत्पन्न नहीं हुआ। अधिकारियों ने लोगों से भी जमीन खरीदते वक्त सतर्क व जागरूक रहने की अपील की है।

पाटौदा में ट्रक ने मारी बाइक सवार दंपती को टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव पाटौदा में बाइक सवार एक दंपती को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में जहां पत्नी की मौत हो गई वहीं पति को भी चोटें आई हैं। मृतका की पहचान पाटौदा गांव निवासी करीब 33 वर्षीया भतेरी पत्नी राहुल के तौर पर हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार भतेरी लुहारी क्षेत्र की एक निजी कंपनी में कार्य करती थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे उसका पति राहुल जब उसे बाइक पर ड्यूटी के लिए छोड़ने जा रहा था तो गांव के ही हनुमान मंदिर के नजदीक एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद गंभीर रूप से घायल भतेरी व राहुल को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने भतेरी को मृत घोषित कर दिया।



मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस संबंध में मृतका के जेठ संदीप की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

खड़े ट्रक से कैंटर टकराया, हेल्पर की मौत

बहादुरगढ़। केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बादली टोल के पास शुक्रवार की सुबह हादसा हो गया। यहां एक खड़े ट्रक से कैंटर टकरा गया। हादसे में कैंटर के हेल्पर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में बादली पुलिस की ओर से आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान जाकिर हुसैन मीर के रूप में हुई है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, श्रीनगर का जफर हुसैन मीर पेशे से चालक है। गत 14 अक्टूबर को वह श्रीनगर से गाड़ी लेकर बंगलुरु के लिए चला। उसके साथ गाड़ी में उसका बेटा जाकिर बतौर हेल्पर सवार था। शुक्रवार 16 अक्टूबर की सुबह केएमपी पर बादली टोल के पास पहुंचे तो यहां सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। आरोप है कि ट्रक के इंडिकेटर चालू नहीं थे। उनकी गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में जाकिर को गंभीर चोट आई और उसकी जान चली गई। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस संबंध में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- केएमपी पर खड़े वाहनों में टक्कर होने में कई बार जा चुकी है जान

केएमपी पर हादसे में टैंकर चालक की जान गई

बहादुरगढ़। केएमपी एक्सप्रेस वे पर बादली टोल के पास दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क पर खड़े ट्रैक से एक ऑयल केमिकल से भरा टैंकर टकरा गया। हादसे में टैंकर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। वह पानीपत का रहने वाला था। पिछले कुछ महीने से एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में बतौर चालक काम कर रहा था। वह इंडियन ऑयल की पानीपत स्थित रिफाइनरी से केमिकल का टैंकर लेकर भिवानी के लिए रवाना हुआ। रात को जब केएमपी पर बादली टोल के पास पहुंचा तो वहां सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा हुआ था। आरोप है कि उसके इंडिकेटर चालू नहीं थे। इसी के चलते राजेश का टैंकर टकरा गया। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण राजेश की मौत हो गई। सूचना पाकर बादली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। छह भाई, बहनों में राजेश सबसे छोटा था। मृतक राजेश के भाई रमेश की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान नंबर ट्रक के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बता दें कि इससे पहले भी केएमपी पर खड़े वाहनों से टक्कर होने के कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन इन पर लगाम नहीं लग पा रही।

अभिनंदन — रजत फौगाट ने पुराने स्कूल में आकर विजेताओं खिलाड़ियों को दिए भरपूर इनाम

एचसीएस बने रजत का एचडी स्कूल में किया सम्मान

- रजत ने हैंडबॉल विजेता दो टीमों को एक-एक लाख रुपये व कोचों को 5100-5100 रुपये का इनाम दिया, मंदिर व गोशाला में भी दिया चंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। एचसीएस अधिकारी रजत फौगाट को सम्मानित करते हुए रमेश गुलिया।

शुक्रवार को एचडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के पूर्व छात्र व एचसीएस में चयनित रजत फौगाट का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। एचडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि इस अवसर पर रजत फौगाट के पिता एवं एचडी प्रबंधन समिति के सदस्य बलराज फौगाट, उनकी माता एवं डिप्टी डीईओ राजबाला फौगाट, उनकी पत्नी डॉक्टर अश्मिता फौगाट, एचडी प्रबंधन समिति के सदस्य बलजीत नेहरा, विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया, राजबाला गुलिया और डॉक्टर नेहा गुलिया सहित अन्य प्रबुद्धजन व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में साल्हावास गोशाला के प्रधान एवं पूर्व एसीपी राजबीर जाखड़, प्रधान सुनील जाखड़, प्रधान नरेंद्र जाखड़, प्रधान जयदीप जाखड़, कोच रामभगत जाखड़, पूर्व प्राचार्य नित्यानंद जाखड़, जाखड़ खाप की ब्राह्मण सभा के प्रधान एवं प्राध्यापक राजेंद्र शर्मा तथा अत्तर सिंह यादव सहित अनेक प्रबुद्धजनों ने शिरकत की। इस दौरान रजत फौगाट को पगड़ी बांधकर, फूल-मालाएं पहनाकर और चांदी का रथ भेंट कर गर्मजोशी से सम्मानित किया गया।

हाल ही में एचसीएस अधिकारी बने रजत फौगाट ने सीबीएसई नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली विद्यालय की अंडर-17 और अंडर-14 हैंडबॉल टीमों को एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। वहीं, दोनों टीमों के कोच को 51सौ-51सौ रुपये देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा रजत फौगाट की ओर से बाबा हरिदास मंदिर भूरावास में 1 लाख रुपये तथा गोशाला में 51 हजार रुपये दान देने की घोषणा भी की गई। रजत फौगाट ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी स्कूली शिक्षा इसी विद्यालय परिसर में हुई है। यहीं से उन्हें पढ़ाई और खेलकूद के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

सरकारी अस्पतालों में यूपीआई से पेमेंट शुरू, खुले पैसों का झंझट होगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए कैशलेस भुगतान व्यवस्था शुरू की गई है। अब मरीज संबंधित काउंटर पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से ओपीडी पर्ची और जांच शुल्क जमा कर सकेंगे। इससे मरीजों और उनके परिजनों को नकदी व खुले पैसों की परेशानी से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस सुविधा का विस्तार जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी किया जा रहा है। अस्पतालों में पर्ची बनवाने या जांच शुल्क जमा करवाने के दौरान कई बार मरीजों को खुले पैसे नहीं मिलने के कारण परेशानी होती है। डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध होने से मरीज अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से शुल्क जमा कर सकेंगे। इससे भुगतान प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक बनेगी।

सात स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधा शुरू : सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिले में अब तक नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़, उपमंडल अस्पताल बेरी व मातनहेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ढाकला व दूबलधन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माछरौली व दुजाना में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। जल्द ही जिले के अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में भी इसे शुरू करने की योजना है।



- अब क्यूआर कोड से जमा हो सकेगा ओपीडी पर्ची व जांच के लिए शुल्क

चरण पादुका लेकर अयोध्या लौटे भरत, रामलीला का मंचन देख भावुक हुए श्रद्धालु

वन को गए प्रभु श्रीराम, सीताजी व लक्ष्मण, केवट ने करवाई गंगा पार

झज्जर के पुराना बस स्टैंड परिसर में हो रहे रामलीला मंचन के दौरान उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़



झज्जर। नाव में बिठाकर श्रीराम, सीता जी व लक्ष्मण को गंगा पार कराते हुए केवट। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में चल रहे रामलीला मंचन के दौरान वीरवार की रात्रि पुराना बस स्टैंड परिसर में श्रीरामचंद्र, माता सीता व लक्ष्मण जी द्वारा गंगा पार करना, भरत का ननिहाल से लौटना और अपने पिता की मृत्यु व श्रीरामचंद्र के वन जाने की खबर मिलने पर दुखी होना, इसके बाद वन में श्रीरामचंद्र व भरत मिलाप के दृश्यों का मंचन किया गया। इस दौरान नाव पार करने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। मंचन के दौरान प्रभु श्रीरामचंद्र जी, माता सीता व लक्ष्मण जब गंगा के तट पर पहुंचते हैं वहां उपस्थित मल्लाह उनसे उनका परिचय पूछता है।

जब उसे पता चलता है ये अवध नरेश महाराज दशरथ के पुत्र श्रीराम हैं तो वह कहता है कि सुना है आपके चरणों के स्पर्श मात्र से एक पत्थर की शिला नारी में तबदील हो गई थी। यदि मेरी नाव भी इसी प्रकार और कोई जीव या वस्तु बन गई तो मेरी रोजी-रोटी का क्या होगा। इसके बाद केवट उनके पांव धोने के बाद ही उन्हें अपनी नाव में बैठाने पर राजी होता है। इसके बाद जब गंगा पार उतर कर प्रभु उसे उतराई के नाम पर अपनी अंगूठी देने लगते हैं तो केवट कहता है कि जिस पर प्रकार मैने आपको गंगा के इस तट से उस पार लगाया है प्रभु आप भी मुझे भवसागर पार करा देना यही मेरी उतराई होगी।

केवट की इस चतुराई भरी बातों के बाद प्रभु उसे भवसागर पार कराने का वचन देकर आगे बढ़ते हैं। इसके बाद उन्हें खोजता हुआ भरत भी वन पहुंचता है और उसने अयोध्या चलने की प्रार्थना करता है लेकिन श्रीरामचंद्र जी उन्हें रघुकुल की परपंरा प्राण जाए पर वचन ना जाही का स्मरण कराते हुए उन्हें अपनी चरण पादुका देकर वापिस अयोध्या भेज देते हैं। उधर, प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा भी दिन के समय शुक्रवार को इन्हीं दृश्यों का मंचन किया गया।

मां के कात्यानी स्वरूप का पूजन



बेरी। नवरात्र पर्व का उत्साह देखते ही बन रहा है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ माता की पूजा अर्चना कर रहे है। नवरात्र के छठे दिन श्रद्धालुओं ने माता के कात्यानी स्वरूप की पूजा अर्चना की। वहीं मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में हजारों की संख्या में लोग माता के दरबार में परिवार सहित नमन करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करे रहे है। महिलाओं और बच्चों ने मेले में जमकर खरीददारी की। उधर, घरों में भी माता की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन की तैयारियां भी शुरू कर दी है। बेरी मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, करीब 650 पुलिस कर्मचारी रहेंगे तैनात:जिला पुलिस द्वारा माता भीमेश्वरी देवी के नवरात्र मुख्य मेले को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मेला परिसर में करीब 650 पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा एक डीसीपी, तीन एसीपी और 11 इंस्पेक्टर पूरी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। चार स्थानों पर रूट डायवर्जन नाके स्थापित: मेले के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने और जाम की स्थिति से बचने के लिए चार स्थानों पर रूट डायवर्जन नाके स्थापित किए गए हैं। इनमें दूजाना चौक, गांव दूजाना-बेरी रोड, बाईपास डीघल-धांधलान रोड पर डीघल के नजदीक फ्लाईओवर के नीचे, गांव जहाजगढ़ चौक तथा बेरी-कलानौर रोड पर दूबलधन चौक के नजदीक के स्थान शामिल हैं। इन नाकों पर 24 घंटे पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे।



नवरात्रि के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने डांडिया सजाया

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विद्यार्थियों द्वारा डांडिया सजावट गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह और रचनात्मकता के साथ रंग-बिरंगे डांडिया सजाए। उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर एवं आकर्षक सजावट की। बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने तथा भारतीय संस्कृति और त्यौहारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कराई गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को निखारने, प्रत्येक गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा भारतीय परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि विद्यालय में आयोजित होने वाली ऐसी गतिविधियां बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करती हैं तथा उनमें रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं।

विद्यार्थियों को दी नवरात्रि पर्व के महत्व की जानकारी

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को नवरात्रि पर्व मनाया गया। प्रातः कालीन सभा में प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों को नवरात्रि पर्व के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने बताया हमें नवरात्रित के दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों को समझने का अवसर प्राप्त होता है। प्रबंधक केएम डागर ने कहा कि देश में मां के स्वरूपों का पालन सदियों से होता आया है। आज भी भारतीय संस्कृति में मां का स्थान अतुलनीय है। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया ने भी विद्यार्थियों को मां के विभिन्न स्वरूपों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने धार्मिक भजनों पर नृत्य व डांडिया डांस की प्रस्तुति भी दी।



मानव रंगोली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति का दिया संदेश

51 सौ विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को क्रिकेट स्टेडियम में 51 सौ विद्यार्थियों ने भव्य मानव श्रृंखला बनाकर विकसित भारत @ 2047 के संकल्प को साकार करने का सार्थक संदेश दिया। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सामाजिक एकजुटता, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प प्रदर्शित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़, डीसी वर्षा खांगवाल,



झज्जर। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला। फोटो : हरिभूमि

जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, संजय कबलाना, आनंद सागर, मनीष बंसल सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सहभागिता की सराहना की। डीईओ रतींद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र के विकास में योगदान देने की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

रिलायंस मेट सिटी ने 43 सरकारी स्कूलों के 5300 विद्यार्थियों में बांटी 27 हजार नोटबुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रिलायंस मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड द्वारा सीएसआर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत झज्जर और गुरुग्राम जिलों के 43 सरकारी स्कूलों के लगभग 53सौ विद्यार्थियों में 27 हजार नोटबुक निःशुल्क वितरित की। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाकर उनकी पढ़ाई को प्रोत्साहित करना और परिवारों पर शिक्षा संबंधी खर्च का बोझ कम करना है। रिलायंस मेट सिटी के पूर्णकालिक निदेशक एसवी गोयल ने कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास और एक बेहतर भविष्य के निर्माण का आधार है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने में सहयोग देना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि हमारी वार्षिक नोटबुक वितरण पहल इसी सोच का हिस्सा है। मेट सिटी के सीईओ मनीष जायसवाल ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और भविष्य को प्राथमिकता देकर ही समुदाय का सतत विकास संभव है।



विधायक राजेश जून ने किया शुभारंभ, खर्च होंगे 20 लाख रुपये

बनने लगी कानोंदा में जोहड़ की रिटर्निंग वॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने गांव कानोंदा में ग्रामीणों की पुरानी मांग पर बनिया वाले जोहड़ की रिटर्निंग वॉल के पुनर्निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस कार्य पर 20 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि बनिया वाले जोहड़ की रिटर्निंग वॉल गिरने के कारण हादसे की आशंका बनी हुई थी। जोहड़ परिसर में मंदिर भी स्थित है, ऐसे में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवार का पुनर्निर्माण जरूरी था। विधायक राजेश जून ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक ने ग्राम सरपंच और ग्रामीणों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कार्य में कोई कमी दिखाई दे तो इसकी सूचना विधायक कार्यालय या संबंधित सरकारी शिकायत पोर्टल पर दें। इस अवसर ग्राम सरपंच विकास, संजीत ठोलेदार, संजय, राज, हरबीर, बिल्लू पहलवान, मंजीत, काला, वीरेंद्र, प्रदीप, बिजेंद्र नंबरदार, जय सिंह, मोहन, पप्पू, सत्ते, सत्यवान, कृष्ण, सुरेंद्र, अनिल, मंगत व पवन आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया सुरक्षित बचपन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशानुसार सुरक्षित बचपन अभियान की शुरूआत की गई है।

इस अभियान के अंतर्गत एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी के अलावा जहाजगढ़ व धौड़ के राजकीय स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन कर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 को लेकर जागरूक किया तथा साथ ही बाल विवाह व बाल श्रम रोकथाम को लेकर जागरूक किया। संस्था के जिला संयोजक मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट के प्रावधानों बारे सरल और सुलभ भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि यह कानून बच्चों को किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न व शोषण से सुरक्षा प्रदान करता है। इस दौरान विद्यार्थियों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क करते हुए गुड टच और बैड टच के अंतर बारे भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राचार्या लाली देवी, अशोक कुमार, अन्नू रानी, प्रीति, संतोष, रोशन लाल, वीना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी



नेशनल शूटिंग में मुदित ने जीता कांस्य पदक

बहादुरगढ़। तेलंगाना के सिकंदराबाद स्थित डीपीएस स्कूल नाचाराम में 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जेएसआर शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी बहादुरगढ़ के खिलाड़ी मुदित ने कांस्य पदक जीता। अंडर-14 कैटेगरी में मुदित ने यह उपलब्धि हासिल की, जबकि इसी वर्ग में रिवान 11वें स्थान पर रहे। अंडर-17 कैटेगरी में उत्सव ने 15वां स्थान प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर एकेडमी संचालक एवं कोच नीरज लोहचब, हरि प्रकाश यादव, ललिता और दिव्या ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की



विज्ञान क्विज में आइंस्टीन टीम रही प्रथम

झज्जर। ज्ञान ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के वैज्ञानिक ज्ञान और तार्किक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए फिजिक्स एवं कैमिस्ट्री क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में आइंस्टीन टीम ने प्रथम, फैराडे टीम ने द्वितीय और न्यूटन टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि रदरफोर्ड टीम चौथे और डाल्टन टीम पांचवें स्थान पर रही। प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि विजेता आइंस्टीन टीम में नौवीं कक्षा से रिया, दसवीं से नितिका, ग्यारहवीं से खुशबू और बारहवीं से रवि शामिल रहे। फैराडे टीम में रूपांशु, गरिमा, रिया और तान्या तथा न्यूटन टीम में रोहित, छवि, निखिल और रितिका शामिल थे। विद्यालय डायरेक्टर नीलम फौगाट और इंद्रजीत फौगाट ने विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में बॉक्सर विराट चयनित

झज्जर। इंडो-अमेरिकन स्कूल के बॉक्सर विराट का चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भिवानी में हुआ है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विराट के इस चयन पर उसके पिता नितिनि व अन्य अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विराट की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि विराट अपनी मेहनत और लगन से भविष्य में बॉक्सिंग क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेगा।



शिविर में 38 युवाओं ने किया रक्तदान

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में मिशन जन जागृति ब्लड सेंटर, दिल्ली तथा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य दलबीर सिंह ने किया। उन्होंने स्टॉफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का आयोजन यूथ रेड क्रॉस इकाई-एक की प्रभारी डॉक्टर ज्योति एवं इकाई-दो के प्रभारी विप्लव शर्मा ने किया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत कराया योगाभ्यास

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य इंद्रजीत ने छात्राओं को योग की विभिन्न मुद्राओं और प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए भारतीय संस्कृति में योग के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। डॉक्टर सोनिया गोयल ने हवन के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व बारे जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रतिदिन संध्या के समय मिट्टी के दीये में हवन करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अनु बरवर ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए छात्राओं को भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान रखने का संदेश दिया।



विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल को मिलेगा बढ़ावा

झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना ने विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल और रोजगारपरक दक्षताओं को बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली के साथ एमओयू किया है। संस्थान निदेशक अमन अग्रवाल ने कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों और व्यावहारिक कौशल से जोड़कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाएगा। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉक्टर हितांशु सलूजा ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

कान्हा के जन्म पर गूंजे भजन, भक्त हुए विभोर



झज्जर। शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को कान्हा के जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पंडित अरविंद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़ी विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आते ही कथा स्थल का वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास ने जब नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की भजन की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।

खबर संक्षेप

हादसे में घायल हुए व्यक्ति ने दम तोड़ा

बहादुरगढ़। करीब दो सप्ताह पहले सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में सदर थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज है। मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय बलजीत सिंह के रूप में हुई है। गांव डाबोदा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, गत एक अक्टूबर की शाम को वह टहलने गया था। रास्ते में लौटते वक्त किसी वाहन की चपेट में आ गया। उसे काफी चोट आई। तब से उसका ईलाज चल रहा था। हालत गंभीर थी और अब उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

टोल प्लाजा के पास से बाइक चोरी, शिकायत

बहादुरगढ़। रोहद टोल प्लाजा के पास से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। उसने पुलिस को शिकायत दे दी है। रोहद के निवासी अंकित का कहना है कि 15 अक्टूबर की रात को रोहद टोल प्लाजा कट के सामने कैंटीन के पास बाइक खड़ी करके जिम में सो गया था। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक नहीं मिली। तब से लेकर अब तक अपने स्तर पर तलाश करता रहा लेकिन बाइक नहीं मिली। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डॉ. आनंद बने सीडीएलयू में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

सोनीपत। दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के पूर्व सांस्कृतिक सलाहकार डॉ. आनंद शर्मा का चयन चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पद पर हुआ है। वह हिंदू कॉलेज, सोनीपत के पूर्व विद्यार्थी हैं और रंगमंच, साहित्य तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। डीसीआरयूएसटी में कार्यकाल के दौरान डॉ. आनंद शर्मा ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं, हरियाणा दिवस समारोह, युवा महोत्सवों, सेमिनारों और वेबिनारों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और कला-संस्कृति से जुड़ने के अवसर मिले। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने मार्च 2020 से सामान्य स्थिति बहाल होने तक अपना पूरा वेतन विश्वविद्यालय के राहत कोष में दान कर दिया था। उनके इस कदम को सामाजिक जिम्मेदारी और संस्थान के प्रति समर्पण का उदाहरण माना गया।

फैक्ट्री संचालक को लूटने में चार को 10-10 साल की कैद

सोनीपत। रामनगर रोड पर फैक्ट्री संचालक की कार के शीशे तोड़कर उन पर हमला करने और नकदी व जमीन के दस्तावेजों से भरा बैग लूटने के मामले में अदालत ने चार दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना की अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि में से 50 हजार रुपये पीड़ित को मुआवजे के रूप में देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में शामिल दो नाबालिगों से संबंधित सुनवाई किशोर न्यायालय में चल रही है।

शहर की सड़कों पर गड्ढों का जाल, हादसों का खतरा बढ़ा

डायवर्जन मार्ग से सांपला रोड और अंदरूनी सड़कें भी पूरी तरह बदहाल

वाहन चालकों को रोजाना हो रही परेशानी, शिकायतों के बाद भी आंखें मूंदे बैठा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। सांपला मार्ग पर बना गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

सिटी पल्स

शहर के विभिन्न मार्गों और गलियों में बने छोटे-बड़े गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। डायवर्सन मार्ग से लेकर सांपला रोड और शहर की अंदरूनी सड़कों तक कई जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। कहीं सड़क के बीच गहरे गड्ढे बन गए हैं तो कहीं सीवरेज लाइन धंसने से सड़क की सतह नीचे बैठ गई है। इससे वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद और जिला प्रशासन से सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग की है। छारा चुंगी से डायवर्सन मार्ग की ओर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह छोटे गड्ढे बने हुए हैं वहीं उसी मार्ग पर एक बड़ा गड्ढा भी वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। डायवर्सन चौक पर भी सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण जहां टक्करनुमा गड्ढा बन गया है वहीं सड़क की रोड़ियां भी बिखर रही हैं। अचानक सामने आने वाले गड्ढों से वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। सांपला मार्ग से नए बस स्टैंड तक करीब एक किमी के हिस्से में भी कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शहर के सभी प्रमुख और अंदरूनी मार्गों का सर्वे करवाकर गड्ढों को भरवाया जाए। समय रहते कार्रवाई होने से वाहन चालकों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

रात के समय बढ़ जाता है हादसों का खतरा



विनोद कुमार का कहना है कि सड़कों पर बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए गंभीर समस्या हैं। दिन के समय तो किसी तरह इनसे बचकर निकला जा सकता है, लेकिन रात के समय कम रोशनी में गड्ढे दिखाई नहीं देते। ऐसे में अचानक ब्रेक लगाने या वाहन मोड़ने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

जांच कर करावया जाए स्थायी समाधान



दीपक कुमार के अनुसार सड़कों पर गड्ढों की समस्या को केवल अस्थायी पैचवर्क से दूर नहीं किया जा सकता। जहां सड़क या सीवरेज धंसने की समस्या है, वहां इसकी वजह का पता लगाकर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। अन्यथा कुछ समय बाद सड़क दोबारा खराब हो जाती है और लोगों को फिर उसी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दुपहिया वाहन चालकों को रहता है खतरा



धौड़ गांव निवासी मोनू का कहना है कि शहर में आने-जाने वाले ग्रामीणों को भी इन खराब सड़कों से परेशानी उठानी पड़ती है। दुपहिया वाहन चालकों लिए गड्ढों से भरे मार्ग पर सफर करना जोखिम भरा है। नगर परिषद और जिला प्रशासन को ऐसे स्थानों को चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करानी चाहिए।



कम्युनिटी सेंटर का 38 लाख से होगा नवीनीकरण

बहादुरगढ़। वार्ड-14 के सेक्टर-9ए स्थित कम्युनिटी सेंटर का 38 लाख रुपये की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने सेंटर का दौरा कर इसे लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश पर कई वर्षों बाद सेंटर के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग केवल नारियल फोड़कर विकास कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास करते हैं, जबकि कई जगह उद्घाटन के बाद भी काम शुरू नहीं होते। सैनी ने नगर परिषद अधिकारियों को चेतावनी दी कि व्यवहार्यता की जांच किए बिना किसी कार्य का टेंडर जारी करने या काम शुरू करने पर मुख्यमंत्री से सतर्कता जांच करवाने की मांग की जाएगी।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

रि-ओपन शिकायतों के जल्द समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान किया जाए, साथ ही रिओपन शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने साप्ताहिक समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत के समाधान के उपरांत एटीआर बिना किसी विलंब के संबंधित पोर्टल एवं कार्यालय को भेजी जाए। वहीं सभी विभागाध्यक्ष प्रतिदिन अपने विभाग से जुड़ी प्राप्त समस्याओं का रिव्यू करें।

तनाव व भावनात्मक चुनौतियां होने पर विशेषज्ञों से ले सहायता : शेरवाल

- नूना माजरा में मानसिक स्वास्थ्य पर ग्रामीणों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम को संबोधित डॉ. बीएल शेरवाल। फोटो : हरिभूमि

गांव नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन केदारनाथ गुप्ता मेडिकल कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मनोचिकित्सा विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कटारिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक बीमारियों से जुड़े सामाजिक कलंक को दूर करना और लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. बीएल शेरवाल, डीन डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. प्रेम सिंह नय्यर और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हर्षराज नेहरा ने नर्सिंग कॉलेज व अन्य विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने तनाव और भावनात्मक चुनौतियों को समझने तथा जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. दिनेश कटारिया, डॉ. एनुब अली, डॉ. शुभिका अग्रवाल, डॉ. ज्योति डागर और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. वर्षा जाखड़ ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

किशोरी के साथ पड़ोसी ने की अश्लील हरकत

बहादुरगढ़। इलाके में एक किशोरी के साथ अनैतिक गतिविधि करने का मामला सामने आया है। साथ लगते कमरे में रहने वाले एक युवक पर आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। मामला आसौदा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। दरअसल, गांव के एक मकान में प्रवासी मूल के कुछ परिवार रहते हैं। इन्हीं में से एक परिवार की 14 वर्षीय लड़की देर रात करीब 2 बजे लघुशंका के लिए उठी थी। इसी दौरान दूसरे कमरे में रहने वाले एक युवक ने उसको पकड़ लिया और अनैतिक वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। हालांकि पुलिस ने वारदात और गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

एमपीएचई एसोसिएशन की एमओटीपी से पदों पर कैप लगाने की प्रक्रिया बंद करने की मांग

- सरकार स्वास्थ्य कर्मियों को मानसिक रूप से कर रही परेशान : आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

हरियाणा एमपीएचई एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लघु सचिवालय परिसर में पहुंच कर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने एमओटीपी के माध्यम से जिलों में पदों पर कैप लगाने की प्रक्रिया बंद करने की मांग की। इसके बाद उन्होंने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के सचिव आनंद कुमार ने कहा कि सरकार बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान कर रही है। जिला प्रधान प्रवीण कुमार ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पदों पर कैप लगाने का फैसला वापिस नहीं लिया तो कर्मचारी बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। राज्य सह सचिव सुखविंद्र ने कहा कि यदि ज्ञापन देने के बाद भी सरकार पदों को खत्म करने का फैसला वापिस नहीं लेती है तो राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर आगामी आंदोलन के संबंध में ठोस निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर अशोक कुमार, जगदीप, वीरेंद्र, सुखबीर, आनंद, सतीश, कृष्ण, रामपाल, विजय, धीरज और राजकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



भाजपा जिलाध्यक्ष जांगड़ा ने पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार से की समस्याओं पर चर्चा

बहादुरगढ़। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के गोरैया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गा। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, मुकेश कौशिक और विनोद जून ने बुके व शॉल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान नगर परिषद में चल रहे घटनाक्रम, शहर में बढ़ती वारदातों और लोगों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और उचित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद सत्य प्रकाश छिकारा, हरिमोहन धाकरे आदि भी मौजूद रहे।

स्किन सेल्फ-केयर व इंटिमेट वेलनेस शिविर में छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

- कैंप में छात्राओं ने त्वचा और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। छात्राओं को परामर्श देते डॉक्टर और उनकी टीम।

राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को वूमेन सेल और वाईआरसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. आनंद स्किन एंड हेयर ट्रांसप्लांट क्लिनिक के सहयोग से स्किन सेल्फ-केयर एवं इंटिमेट वेलनेस कैंप लगाया गया। इसमें करीब 100 छात्राओं ने भाग लिया और त्वचा, बाल, नाखूनों व व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। कैंप की अध्यक्षता प्राचार्या अलका गुलाटी ने की। डॉ. सुनीता छिल्लर और डॉ. सीमा धनखड़ ने कार्यक्रम का संयोजन किया। हेल्दी स्किन, कॉन्फिडेंट यू थीम पर आयोजित शिविर में महिला त्वचा रोग विशेषज्ञ ने छात्राओं को मुंहासे, पिगमेंटेशन, त्वचा की संवेदनशीलता, बालों का झड़ना और स्कैल्प की देखभाल के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा नाखूनों से जुड़ी समस्याओं, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, जननांगों की त्वचा संबंधी समस्याओं से बचाव के उपाय भी बताए गए। प्राचार्या अलका गुलाटी ने आयोजन की सराहना करते हुए छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

किसानों को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडौठी और प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि खरीफ फसलों की खरीद शुरू होने के बावजूद बाजरे की खरीद नहीं हो रही है। मंडियों में करीब 12.97 लाख टन धान पड़ा है। पांच दिन में दो बार हुई बारिश से मंडियों में रखा धान और बाजरा खराब होने का खतरा बढ़ गया है। कई जगह फसल अंकुरित होने लगी है। उन्होंने सरकार से मंडियों में खराब हुई फसल के नुकसान की भरपाई करने की मांग की। साथ ही तेज हवाओं और बारिश से खेतों में बिछी धान की फसल के नुकसान की स्पेशल गिरदावरी करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि खरीद में लगाई गई शर्तों, प्रति एकड़ खरीद सीमा, जिले में ही फसल बेचने की बाध्यता, पोर्टल संबंधी परेशानियों और नमी के नाम पर कटौती से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि धान 2461 रुपये और बाजरा 2900 रुपये प्रति क्विंटल के निर्धारित भाव पर नहीं बिक रहा, जिससे किसानों को 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक नुकसान हो रहा है। संगठन ने किसानों, खेत मजदूरों, भूमिहीनों और ग्रामीण गरीबों को एकजुट करने के लिए 26 अक्टूबर 2026 को रोहतक के बोहर स्थित नांदल भवन में किसान-मजदूर-छात्र-युवा-महिला महापंचायत बुलाई है।

आईटीआई साल्हावास में विद्यार्थियों को दी अग्निशमन की जानकारी

- आग लगने पर घबराने की बजाय सूझ बूझ से लें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम में टीम सदस्यों के साथ उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साल्हावास में शुक्रवार को अग्निशमन एवं सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता एवं रिहर्सल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मुख्यालय से पहुंची फायर ब्रिगेड की विशेष टीम द्वारा विद्यार्थियों को आग लगने के कारणों, बचाव के तरीकों और फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग बारे विस्तार से जानकारी दी गई। टीम सदस्यों में शामिल एलएफएम जितेंद्र, उमेश व एफओ राहुल ने बताया कि आग लगने पर घबराने की बजाय सूझ-बूझ से काम लेना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों को आग बुझाने का अभ्यास भी कराया गया। इस मौके पर प्राचार्य बृजमोहन ने प्रशिक्षकों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में सीखे गए उपायों पर अमल करें। इस मौके पर अनुदेशक नरेंद्र व कुलदीप सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

गोरखपुर एक्सप्रेस में युवक का बैग चोरी

बहादुरगढ़। गोरखधाम एक्सप्रेस में एक युवक का बैग चोरी हो गया। बैग में पर्स, आईपैड, कपड़े सहित अन्य जरूरी सामान था। वारदात फतेहाबाद के निवासी फाल्गुन शर्मा के साथ हुई है। फाल्गुन का कहना है कि वह लखनऊ से हिसार जाने के लिए गोरखधाम एक्सप्रेस में सवार हुआ था। सुबह के वक्त जब गाड़ी बहादुरगढ़ स्टेशन पर रुकी तो उसकी आंख खुली। देखा तो बैग गायब था। बैग में एप्पल कंपनी का आईपैड, कपड़े, रुपये, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज थे। फिर हिसार पहुंचकर शिकायत दी। पीड़ित की शिकायत पर अब यहां जीआरपी बहादुरगढ़ केस दर्ज कर आवश्यक छानबीन शुरू कर दी है।

कौशिक ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

चेयरमैन ने खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। फसल खरीद का जायजा लेते चेयरमैन कौशिक व अन्य।

मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक ने शुक्रवार को बहादुरगढ़ अनाज मंडी का निरीक्षण कर फसल खरीद, उठान और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया सुचारू रखने और खरीदी गई फसल का समय पर उठान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विनोद कौशिक ने कहा कि मंडी में किसानों और मजदूरों के लिए पेयजल, विश्राम शेड और साफ-सफाई सहित आवश्यक सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं। किसानों की उपज के उचित रखरखाव और खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसल का भुगतान समय पर सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, सचिव अंजू बाला, सुपरवाइजर अनिल भारद्वाज, मनीष, मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग तथा आढ़ती बिजेंद्र गोयल, राजू, संजय, विजय आदि मौजमद रहे।

अनाज मंडी में किसानों के लिए पेयजल, विश्राम शेड और साफ-सफाई के इंतजाम किए

NOTICE

I, Sandeep Dalal S/o Randhir Dalal R/o H.No. 747/22 Barahi Road, Nehru Park, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana declare that in my daughter's school records, her name wrongly written as Priyanshi but her correct name is Priyanshi Dalal for all future purposes.

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

DUSSEHRA DHAMAKA SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

17 Oct to 20 Oct

JHAJJAR | BAHADURGARH | DIGHAL

आपको और आपके परिवार को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!

MEWA WALA DRYFRUITS — UPTO 50% OFF
KHUSHI`S MASALE — BUY 1 GET 1 FREE
COMPLAN ROYAL CHOCOLATE 700 G — BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE

FRESCA / MANIA 1 LTR — BUY 1 GET 3 FREE
PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 FREE
DEEHAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR — ₹79
REDBULL — MRP - ₹125 — ₹99
PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L — ₹79
MINCHY'S JUICE — BUY 1 GET 1 FREE

MCCAIN 1.25 KG — BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA PACK OF 24 — MRP - ~~₹240~~ — ₹190
TIP TOP / FUN FLIP — BUY 1 GET 1 FREE
UTSAV PAPAD — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KAJU 250 GM — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA — BUY 2 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE

XCITE NOODLES (330 G) — BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
APIBEE HONEY — BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA FUSILLI 450GM — BUY 1 GET 2 FREE
GOOD LUCK NAMKEEN — BUY 1 GET 2 FREE
COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS — BUY 1 GET 1 FREE

REAL MASALA JUICE — BUY 1 GET 1 FREE
BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM — BUY 1 GET 2
NISHA BISCUIT 300GM — BUY 1 GET 2
FORTUNE MUSTARD OIL 1L — MRP- ~~₹230~~ — ₹195
FORTUNE AATA 10KG — MRP - ~~₹485~~ — ₹415
SHILLS WIPES / MASK — BUY 1 GET 2 FREE
MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM — ₹59

TOP / MOTHER PICKLE 950G — BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1 KG — MRP - ~~₹150~~ — ₹105
AASHIRVAAD ATTA 10KG — MRP - ~~₹499~~ — ₹445
PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM — BUY 1 GET 2 FREE
LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N — BUY 1 GET 2 FREE
EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
KTRIQ / IHP — BUY 1 GET 1 FREE

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.